## पुलिस अधीक्षक महोबा की अध्यक्षता में थाना कोतवाली महोबा / श्रीनगर में सम्पन्न हुआ ‘ थाना दिवस ’

## थाना श्रीनगर का किया औचक निरीक्षण कर महिला बीट पुलिसिंग का अक्षरशः पालन किये जाने के दिये निर्देश ।

आज दिनांक 28.08.2021 को थाना दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की अध्यक्षता में थाना कोतवाली महोबा तथा थाना श्रीनगर में थाना दिवस का आयोजन किया गया जहां पर फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद सम्बन्धित राजस्व और पुलिस के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गये । पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश देते हुये कहा गया कि थाना दिवस में राजस्व और पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न की जाये जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े । इस अवसर पर थाना कोतवाली में **SDM** सदर श्री मो0 अवेश, **CO** सिटी श्री रामप्रवेश राय, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली श्री बलराम सिंह, प्रभारी महिला थाना शिल्पी शुक्ला तथा थाना श्रीनगर में **SHO** श्री अनिल कुमार, व0उ0नि0 लाखन सिंह व राजस्व विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना श्रीनगर का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महिला बीट पोलिसिंग का अक्षरशः पालन करने के सख्त निर्देश दिए गये, तत्पश्चात निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण करते हुये थाने के अभिलेखो, बैरक आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों को अद्यावधिक करने व थाना परिसर मे साफ - सफाई रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया ।

थाना दिवस के अवसर पर **SDM/CO** चरखारी द्वारा थाना चरखारी में, तथा जनपद के अन्य थानों में सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों के साथ-साथ राजस्व विभाग की टीमें तथा थानों की बीट में नियुक्त समस्त बीट प्रभारी / अधिकारी द्वारा थानों में उपस्थिति में जनसमस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया ।



# कोविड-19 संक्रमण से बचाव हेतु फायर सर्विस टीम द्वारा किया गया सैनेटाइजेशन-

आज दिनाँक 28.08.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में कोविड-19 संक्रमण के रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर व्रह्द रुप से सैनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, इसी क्रम में आज एफ एस ओ देवेश तिवारी एवं फायर सर्विस टीम (चालक जुनैद, फायरमैन भूपेन्द्र, राजन) द्वारा कोविड-19 की रोकथाम हेतु निम्न स्थानों पर वृहद रुप से सैनिटाइजेशन का कार्य किया गया।

1. बस स्टेशन महोबा
2. उप कारागार महोबा
3. बस स्टेशन वर्कशॉप



# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 28.08.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## पनवाड़ी पुलिस टीम ने 12 किलो अवैध गांजे के साथ 02 नफर शातिर अभियुक्त किये गिरफ्तार....।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अवैध मादक पदार्थों के बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान व इसमें लिप्त अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान के क्रम में दिनांक 27.08.2021 को थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित वरि.उ. नि. अनुरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम को मुखिबर खास से सूचना मिली कि उडीसा से एक पार्टी मारुति ईको नम्बर DL8CAW4129 जिसमें एक दीपक नाम का व्यक्ति तथा उसकी बहन किरन व किरन के पति का दोस्त प्रमोद कुमार है जो गांजा लाकर ग्राम कौनिया के पास किसी ज्ञानी अनुरागी नाम के व्यक्ति को बेचने वाले है, मुखिबर की इस सूचना पर उपरोक्त गठित टीम द्वारा कौनियां मोड़ के पास से अभियुक्ता किरन पत्नी शेरसिंह उम्र करीब 32 बर्ष निवासिनी ग्राम मऊचंदपुरा थाना आंवला जिला बरेली हाल पता ई 602 आलीबिहार थाना सरिता बिहार नई दिल्ली व अभियुक्त ज्ञानी अनुरागी पुत्र हरिश्चन्द्र उम्र करीब 45 बर्ष निवासी ग्राम ब्यारजो थाना महोबकंठ जनपद महोबा को पकड लिया तथा गाडी की अगली सीट पर बैठे दो अभियुक्त 1. दीपक राजपूत पुत्र प्रकाश राजपूत निवासी ई 602 आलीबिहार थाना सरिता बिहार नई दिल्ली 2. प्रमोद कुमार पुत्र धरमपाल निवासी मकान नं. 209 कुराना थाना टप्पल जनपद अलीगढ हाल पता बी 109 ब्लाक बी पार्ट 1 गौतम पुरी फेस 02 बदरपुर साउथ दिल्ली मौके से खेतों में खड़ी फसल का फायदा उठाकर भाग गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं। सूचना पर क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्री तेज बहादुर सिंह मौके पर आये जिनके समक्ष मारुती ईको वाहन संख्या DL8CAW4129 की तलाशी लेने पर उक्त अभियुक्त ज्ञानी व अभियुक्ता किरन के कब्जे से 12 किलो नाजायज सूखा गांजा जो गाडी मे छुपाकर रखा गया था बरामद हुआ जिस पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 183/2021 धारा 8/20 NDPS ACT का पंजीकृत कर अभियुक्तगण को जेल भेजा गया।




### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. वरि.उप नि. अनुरुद्ध प्रताप सिंह 2. उप नि. कमलेश कुमार
3. का0 यादुवेन्द्र सिंह 4. कां. प्रमोद कुमार 5. का. जयदीप पटेल
6. म.कां. रवीना सरोज थाना पनवाडी जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्तगण -

1. ज्ञानी अनुरागी पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम ब्यारजो थाना महोबकंठ जिला महोबा।
2. किरन पत्नी शेर सिह निवासिनी ग्राम मऊ चंदपुरा थाना आंवला जिला बरेली हाल पता ई 602 आलीबिहार थाना सरिता बिहार नई दिल्ली।

# थाना पनवाडी पुलिस टीम ने दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध की रोंकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध जनपदीय पुलिस टीम द्वारा चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के दृष्टिगत आज दिनांक 28.08.2021 को वांछित/वारंटी अभियुक्तो की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय द्वारा गठित उ.नि. श्रीपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 29/2021 धारा 363/366/376 IPC व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त देवेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र फूलचन्द विश्वकर्मा निवासी मु. पतीबरा निकट खोया मन्डी थाना कोतवाली नगर महोबा को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करते हुये मां0 न्यायालय में पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया।

## गिरफ्तार करने वाली टीम

1. उ.नि. श्रीपाल सिंह थाना पनवाड़ी जनपद महोबा
2. का. हंसराज थाना पनवाडी जनपद महोबा।

## गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण –

देवेन्द्र उर्फ छोटू पुत्र फूलचन्द विश्वकर्मा निवासी मु. पतीबरा निकट खोया मन्डी थाना कोतवाली नगर महोबा।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 28.08.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## थाना खरेला पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब सहित 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में अवैध शराब की बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान व इसमें लिप्त अपराधियों के विरूद्ध गिरफ्तारी अभियान के क्रम में दिनांक 27.08.2021 को थाना खरेला प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे द्वारा गठित उ0नि0 सुमेर सिंह के नेतृत्व में टीम ने 02 नफर अभि0गण क्रमशः 1.धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र स्व0 सन्तराम उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम बल्लाँय थाना खरेला जनपद महोबा 2.छुन्ना उर्फ जितेन्द्र राजपूत पुत्र मंगल सिंह नि0 खेड़ा थाना जरिया जनपद हमीरपुर व बरामद शुदा दो झोले मे 16-16 अदद क्वार्टर देशी शराब के साथ पाँच पाटन मन्दिर के पास ग्राम चन्दौली थाना खरेला जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया, बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 103/21 व 104/21 धारा 60 आब0 अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### गिरफ्तार करने वाला पुलिस बल:-

1. उ0नि0 सुमेर सिंह
2. हे0का0 अनिल कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-

1.धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र स्व0 सन्तराम उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम बल्लाँय थाना खरेला जनपद महोबा

2.छुन्ना उर्फ जितेन्द्र राजपूत पुत्र मंगल सिंह नि0 खेड़ा थाना जरिया जनपद हमीरपुर

### बरामदगी-

16-16 अदद क्वार्टर देशी शराब ठेका नाजायज बरामद होना।



Mahoba Police

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 28.08.2021

# महोबा पुलिस

सोशल मीडिया सेल

## मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा और आत्मसम्मान के प्रति किया जा रहा है जागरुक...।

आज दिनांक 28/08/2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर मिशन शक्ति, नारी सुरक्षा नारी सम्मान हेतु जागरुकता अभियान के क्रम में निरीक्षक श्रीमती रचना सिंह मय टीम के साथ थाना कोतवाली महोबा अन्तर्गत ग्राम पलका के प्राथमिक विद्यालय में तथा प्रभारी महिला थाना उ0नि0 शिल्पी शुक्ला द्वारा मौहल्ला भटीपुरा में भ्रमण कर जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया, इसी क्रम में थाना खन्ना के ग्राम सिरसीकला व कहरा में महिला आरक्षी कुन्दन ने भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक किया।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा थानों द्वारा गठित टीमें जागरुकता अभियान में शामिल होकर शासन-प्रशासन द्वारा महिला उत्थान हेतु चलाई जा रही विभिन्न नीतियों,कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही हेल्प लाईन 1090(वूमेन पावर लाइन),181(महिला हेल्प लाइन), 108(,एम्बुलेंस सेवा), 1076(मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन), 112(पुलिस आपातकालीन सेवा), 1098(चाइल्ड हेल्पलाइन), 102(स्वास्थ्य सेवा) की उपयोगिता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। जनपद के सभी थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। जनपद के प्रत्येक थाने पर बालिकाओं,महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु महिला बीट पुलिस अधिकारी नियुक्ति की जा रही है, इस अवसर पर उपस्थित बालिकाओं,महिलाओं को कोविड-19 के बचाव हेतु मास्क आदि लगाने के लिये प्रेरित कर जागरुकता पम्पलेट्स वितरित किये।








# थाना चरखारी पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध शस्त्रों की बरामदगी व शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.08.2021 को क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री उमेश चन्द्र के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार पाण्डेय द्वारा गठित पुलिस टीम ने अभियान में शामिल 01 नफर अभियुक्त देवीचरण पुत्र मथुरा प्रसाद यादव उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम स्वासामाफ थाना चरखारी जनपद महोबा को ग्राम स्वासामाफ से गिरफ्तार किया, अभियुक्त के कब्जे से एक अदद 315 बोर तमंचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया जिस पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु.अ.स. 214/2021 धारा 3/25 **A ACT** पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 शिवरतन गुप्ता
2. कां0 कुलदीप कुमार थाना चरखारी जनपद महोबा।

## गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

देवीचरण पुत्र मथुरा प्रसाद यादव उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम स्वासामाफ थाना चरखारी जनपद महोबा



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः- 28.08.2021**

**सोशल मीडिया सेल**

## क्षेत्राधिकार नगर मय पुलिस बल महोबा शहर में एवं जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में पैदल गस्त करके कस्बे में की गई संदिग्धों की चेकिंग




आज दिनाँक 28.08.2021 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में शान्ति/कानून-व्यवस्था के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय द्वारा महोबा शहर में पैदल गस्त कर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी एवं समस्त थानों द्वारा अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड, ढाबा आदि जगहो पर पैदल गस्त करके संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग की गई, साथ ही लोगो को कोविड संक्रमण की तीसरी लहर के प्रति सचेत करते हुए मास्क का प्रयोग व 02 गज की दूरी सहित कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की गई। इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब कि दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यातायात नियमो के उल्लंघन पर **68 ई-चालान** किया गया एवं कोविड़-19 नियमों के उल्लघंन पर **18 व्यक्तियों में 1900रू0** वसूला गया।






